मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-247
03/05/2021

बेगुसराय में पोखर में डूबने से 5 बच्चों की मौत से मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के परिजनों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 03 मई 2021 :– बेगूसराय के बखरी थाना के घघरा चौर स्थित पोखर में डूबने से 5 बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******